कोटद्वार, शनिवार
24 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 118 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

कोलकाता रेप केस : संदीप घोष समेत 4 डॉक्टरों का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट, सीबीआई को मिली अनुमति

कोलकाता ,कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड मामले में अब पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष पर सीबीआई का शिकंजा कस गया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष और चार अन्य डॉक्टरों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति दे दी है। पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति प्राप्त करने के लिए सीबीआई ने गुरुवार को कोर्ट का रुख किया था। जांच एजेंसी को इन डॉक्टरों के बयानों में विसंगतियां मिली थीं, जिन्हें सत्यापित करने के लिए पॉलीग्राफ टेस्ट का सहारा लिया जाएगा। एक सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टेस्ट से बयानों की सत्यता की पुष्टि की जा सकेगी और सबूतों की पुष्टि में सहायता मिलेगी। पिछले सप्ताह कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर कोलकाता पुलिस से अपने हाथों में जांच लेने वाली सीबीआई ने पिछले कुछ दिनों में संदीप घोष से कई बार मैराथन पूछताछ की है लेकिन घोष हर बार बयान बदलते रहे हैं। अब पॉलीग्राफ टेस्ट से कोलकाता कांड की सच्चाई सामने आ सकती है। सीबीआई को भरोसा है कि पॉलीग्राफ टेस्ट से कई अनसुलझे रहस्यों को पता चल सकता है। पूछताछ के दौरान घोष के कथित बेमेल तर्कों और जवाबों से असंतुष्ट सीबीआई ने पॉलीग्राफ टेस्ट की इजाजत देने के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी।

बड़ा हादसाः निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत गिरी, पांच लोगों की मौत, कई मलबे में दबे

इंदौर ,मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू तहसील अंतर्गत चोरल गांव में एक निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत अचानक गिरने जाने से उसमें सो रहे पांच मजदूरों की मौत हो गए, जबकि कई मलबे में दब गए। शेष मजदूरों को मलबे से निकालने राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। जिला कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया है कि यहां एक निर्माणाधीन मकान में कल स्लैब डाली गयी थी और रात में यहां कार्यरत मज़दूर उसी के नीचे सो गए थे। स्लेब गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि बाकियों को निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य जारी है।

राजेंद्र नगर में तीन छात्रों की मौत के मामले में चार लोगों की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली , दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से तीन छात्रों की मौत के मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने बेसमेंट के चार सह मालिकों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और वह उन्हें जमानत पर रिहा करने के पक्ष में नहीं है। वहीं, सीबीआई ने जांच की प्रारंभिक स्थिति का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया था। इस घटना में यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थी एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूब गए थे। तीनों के शव का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया था। वहीं, इस मामले की जांच के लिए दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर में 7 अगस्त को सीबीआई की टीम पहुंची और जांच शुरू हुई। बता दें कि राजधानी दिल्ली में हाल में हुई मूसलाधार बारिश से ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भर गया था। उसमें डूबकर यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई थी। इस मामले पर जमकर राजनीति भी हुई। दिल्ली भाजपा ने दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं, दिल्ली सरकार ने इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे। दिल्ली पुलिस ने कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और संयोजक देशराज सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

इस घटना के बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में आया। नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटरों पर ताले लगाए गए। वहीं, कई कोचिंग को नोटिस भी जारी किया गया। जंतर–मंतर से लेकर राजेंद्र नगर में छात्रों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

पहाड़ी में फटा बादल, आमसौड़ गांव में आया भारी मलबा व बोल्डर

● गुरुवार रात हुई तेज बारिश के दौरान केलापानी की पहाड़ी में फटा बादल ● पहाड़ से आए भारी मलबे से सीएचसी सेंटर व दुकान की टूटी दीवार

राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के बाद कोटद्वार सिद्धबली मार्ग के समीप खड़ी वाहन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत आमसौड़ गांव के ऊपर केलापानी की पहाड़ी पर गुरुवार रात बादल फट गया। इस दौरान पहाड़ी से आए भारी मलबे व बोल्डर की चपेट में आने से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक सीएचसी सेंटर व दुकान की दीवार टूट गई। वहीं, कई घरों में मलबा भी भर गया। देर रात हुई घटना के बाद परिवारों को पंचायत भवन में शरण लेनी पड़ी। वर्षा थमने के बाद ग्रामीण घरों से मलबा हटाने के कार्य में जुटे। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग के मलबे को जेसीबी व पोकलेंड मशीन से हटाया गया।

गुरुवार रात आमसौड़ क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। रात करीब ढाई बजे अचानक केलापानी की पहाड़ी पर बादल फटा और भारी मलबा व बोल्डर गांव के ऊपर गिर गया। आनन-फानन में ग्रामीण रात के अंधेरे में घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचे। मलबे की चपेट में आने से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित सुशील के सीएचसी सेंटर व दुकान के भवन की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान में भारी मलबा व बोल्डर भरने से सामान है। डेढ़ माह पूर्व छह जुलाई को भी पहाड़ी का हिस्सा दरकते हुए भारी मलबे व बोल्डर के साथ गांव के ऊपर गिर गया था। जिससे पहाड़ी के नीचे कई भवनों के कमरों में मलबा भर गया था। साथ ही गांव के लिए बिछाई गई पेयजल लाइन भी टूट गई थी। इसके बाद से ग्रामीण लगातार उनके विस्थापन की मांग उठा रहे थे। लेकिन, उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

पलायन को मजबूर ग्रामीण

पहाड़ी पर बादल फटने के बाद आमसौड़ गांव में आया भारी मलबा

आमसौड़ गांव में लगातार हो रहे भूस्खल की घटना से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। सुरक्षा को देखते हुए गांव में पहाड़ी के नीचे रहने वाले 25 परिवारों में से दस परिवार कोटद्वार व दुगड्डा में किराए के कमरे में शिफ्ट हो गए थे। जबकि, अन्य परिवार पंचायत भवन में रह रहे हैं। ऐसे में अब गुरुवार रात हुई घटना के बाद से राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे रहने वाले सैकड़ों परिवारों पर भी खतरा मंडराने लगा है। यह परिवार भी पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आया मलबा, उफान पर बने रहे नदी-नाले

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई गुरुवार शाम से हुई मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। कोटद्वार-दुगड्डा मोटर मार्ग पर सिद्धबली के नजदीक और पांचवें मील और आमसौड़ में मलबा आ जाने से रात नौ बजे से हाइवे बाधित हो गया।

इस कारण दोनों तरफ जाम लग गया। हाईवे बाधित होने से रोजाना कोटद्वार से पहाड़ों में अपने दफ्तरों को जाने वाले लोग दफ्तर नहीं पहुंच पाए। बारिश से मुख्य मार्गों के अलावा गली मोहल्लों में जल भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

भारी बारिश के कारण सनेह क्षेत्र के जामुन स्त्रोत गदेरा उफान पर आ गया। जिस से बाढ़ सुरक्षा दीवार के साथ ही रतनपुर को कालागढ़ मोटर मार्ग से जोड़ने वाला मार्ग बह गया। मार्ग के बहने से क्षेत्र मुख्य बाजार से अलग-थलग पड़ गया है। वहीं भारी वर्षा के कारण मालन नदी पर बना वैकल्पिक मार्ग भी बह गया। भारी बारिश के कारण कोटद्वार क्षेत्र की मालन, सुखरौ व खोह नदी सहित तेली सोत और जामुन सोत का जल स्तर बढ़ गया।

कोटद्वार में भारी बारिश से बहा मार्ग

फाटा के पास मलबे में दबे चार नेपाली मजदूर

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे पर स्थित फाटा हेलीपैड से कुछ दूरी पर खाट गदेरे के पास आए मलबे में चार नेपाली मजदूरों की दबने से दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू दल मौके पर पहुंचे सभी मजदूरों के शवों को मलबे से निकाला गया। गुरुवार रात 1:20 मिनट पर अधिक बारिश के चलते फाटा हेलीपैड के समीप खाट गदेरे के उफान पर आने से नजदीक टेंट लगाकर रह रहे मजदूर मलबे में दब गए। सूचना पर जब तक रेस्क्यू दल पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचती तब तक चारों मजदूरों की मौत हो गई थी। बाद में रेस्क्यू दलों द्वारा मलबे से सभी शवों को निकाला गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि मलबे से सभी शवों का निकाल दिया गया है। मृतकों में तुल बहादुर पुत्र हरका बहादुर ग्राम सीतलपुर पोस्ट एवं थाना बुरवा बाजार जिला चित्तोन आंचल नारायणी पूरन नेपाली, किशना परिहार ग्राम सीतलपुर पोस्ट एवं थाना बुरवा बाजार जिला चित्तोन आंचल नारायणी और दीपक बुरा जिला दहले आंचल करनाली नेपाल शामिल है। (एजेंसी)

भारी बारिश से सीमांत गांव गेंवाली में तबाही

नई टिहरी : बालगंगा तहसील के सीमांत गेंवाली गांव में मध्य रात्रि को अतिवृष्टि के कारण गांव में भवनों, कृषि भूमि, पेयजल लाइनों के साथ ही पुलों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन और एसडीआरएफ गांव में राहत कार्य के साथ ही क्षति का आंकलन करने में जुटी है। गेंवाली के प्रधान विशन दास ने बताया कि गुरुवार रात्रि को भारी बारिश के चलते ग्रामीण सजग थे। मध्य रात्रि को गांव के ऊपर भारी मलबा, बोल्डर और पेड़ आने से तीन भवन क्षतिग्रस्त हो गए। साथ ही गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। भवन के अंदर भारी भरकम पेड़ों के घुसने तथा बोल्डर और मलबा घुस गया। इसके अलावा ग्रामीणों की कृषि भूमि, पेयजल लाइनें, पैदल रास्ते और पैदल पुल भी बह गए। (एजेंसी)

थराली-वाण मोटर मार्ग का 40 मीटर हिस्सा बहा, तीन हजार की आबादी का संपर्क कटा

चमोली : गुरुवार रात भारी बारिश से देवाल क्षेत्र में लोहजंग से आगे छजेली में थराली-वाण नंदा देवी राजजात मार्ग के किलोमीटर 37 पर करीब 40 मीटर हिस्सा बह गया है। जिससे वाण और कुलिंग गांव की तीन हजार की आबादी का संपर्क देश व दुनिया से कट गया है। लोहाजंग, वांक, बानुड़ी, सुया और मुंदोली में पेयजल लाइन बहने से पांच हजार की आबादी के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पेयजल लाइन भी बह गई है और ऐसे में ग्रामीणों के सामने पानी का संकट गहरा गया है। लोग गदेरे का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

देवाल क्षेत्र के हीरा सिंह गढ़वाली ने बताया की गुरुवार रात को ब्रहमताल क्षेत्र में भारी बारिश हुई। इससे गदेरा उफान पर आ गया और तीन हिस्सों में बंटकर थराली, बगड़ीगाड़ और वाण की तरफ बहने लगा। जिससे क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। छजेली में 40 मीटर सड़क बनने के साथ 200 मीटर सड़क पर भारी मात्रा में मलबा भी आया है। जिससे कुलिंग और वाण गांव के लोगों के सामने आवाजाही का संकट आ गया है। कहा कि दोनों गांवों में बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही मुन्दोली इंटर कॉलेज व देवाल महाविद्यालय पढ़ने वाले छात्र छात्राएं के सामने स्कूल जाने में आवाजाही का संकट बना है। वहीं, नंदा की वार्षिक लोकजात यात्रा 8 तारीख को वाण गांव में कैसे पहुंचेगी। यह भी लोगों के सामने संकट बना है। उन्होंने शासन, प्रशासन और सरकार से अतिशीघ्र लोहाजंग से वाण तक सड़क को खोलने और 5 गांव की पेयजल लाइन को ठीक करने की मांग उठाई है। जब तक सड़क नहीं खुल जाती तब तक पैदल रास्ते को खोला जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में आवाजाही हो सके।

ड्यूटी जाते समय नाले के तेज बहाव में बहा एलएनटी कर्मचारी, मौत

विकासनगर। कालसी थाना प्रभारी भुवन चंद पुजारी ने बताया कि सुबह जुड्डो, कालसी से लगभग तीन–चार किलोमीटर आगे एक व्यक्ति के नाले में बहने के कारण मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहां जानकारी करने पर पता चला कि गुरुवार रात को लखवाड़ बांध परियोजना का एक कर्मचारी मोटर साइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था। जाते समय रास्ते में नाले में आ रहे तेज बहाव में बहकर वह सड़क से 50 मीटर नीचे खाई में गिर गया। सुबह जब लोगों ने मोटरसाइकिल देखी तब जाकर कर्मचारी के बहने की बात पता चली। जिसके बाद स्थानीय लोगों ओर कर्मचारियों द्वारा उसे खाई से निकाला। मृतक की पहचान योगेश कुमार पुत्र भगवान दास निवासी कुंवरपुर, बदायूं के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक कंपनी में ठेकेदार के साथ वेल्डिंग का काम करता था।

भारी बारिश से कहीं टूटा पुल तो कहीं नदी नाले उफान पर

देहरादून। उत्तराखंड में तीव्र वर्षा का सिलसिला जारी है। पहाड़ से मैदान तक जगह–जगह भारी वर्षा के दौर हो रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण दुश्वारियां बढ़ गई हैं और जनजीवन प्रभावित है। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में अगले कुछ दिन मौसम इसी प्रकार का रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेश-ाक बिक्रम सिंह के अनुसार, आज बागेश्वर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, देहरादून, चमोली, नैनीताल और पिथौरागढ़ में भी कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ तीव्र वर्षा के एक से दो दौर हो सकते हैं। अन्य जिलों में आंशिक बादल छाये रहने की आशंका है।

बदरीनाथ हाईवे बंद

चमोली में गुरुवार रात से हो रही बारिश शुक्रवार सुबह थमी। यहां बदरीनाथ हाईवे कंचन नाला, गुलाबकोटी, पागलनाला व नन्दप्रयाग में मलबा आने के कारण मार्ग अवरूद्ध है।

ऋषिकेश में बीन नदी उफान पर

ऋषिकेश में आज सुबह बैराज–चीला मार्ग पर बीन नदी उफान पर आने से वाहनों की आवाजाही बाधित रही। इस दौरान नौकरीपेशे वाले लोग व स्कूली बच्चों की खासी फजीहत हुई।

बूढ़ाकेदार में अतिवृष्टि, घरों में घुसा मलबा

टिहरी बूढ़ाकेदार क्षेत्र में बीती रात्रि को हुई भारी बारिश के कारण गेवाली गांव के पास गदेरे में अतिवृष्टि होने से पांच से अधिक ग्रामीणों के घरों के अंदर मलबा घुस गया। मलबा आने से गांव का उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेवाली पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया है। खेती को भी भारी नुकसान हो गया है। गनीमत यह रही की कोई जनहानि और पशु हानि की कोई सूचना नहीं है।

देहरादून में हुई झमाझम बारिश

बीते तीन दिनों से दून में रोजाना रात को झमाझम बारिश हो रही है। गुरुवार को भी शाम करीब साढ़े पांच बजे शहर के ज्यादातर क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने लगी।

हालांकि, करीब सात बजे बारिश बंद हो गई। इसके बाद रात करीब पौने नौ बजे बारिश ने फिर जोर पकड़ लिया।

अभी जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल

जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

नई दिल्ली , दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट अब केजरीवाल की जमानत याचिका और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 6 सितंबर को सुनवाई करेगी। बता दें, सुनवाई से पहले सीबीआई ने जमानत याचिका के खिलाफ जवाब दाखिल कर दिया। गिरफ्तारी के खिलाफ दायर किए जाने वाला हलफनामा दाखिल करने के लिए सीबीआई ने समय मांगा और कोर्ट ने सीबीआई को इसकी मंजूरी दे दी। जिसकी वजह से सुनवाई टली। जिस केस में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने वाली थी वह केस सीबीआई से जुड़ा हुआ है। दिल्ली के सीएम ने सीबीआई की गिरफ्तारी और रिमांड आदेश को चुनौती दी है। श्वष्ठ मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिल चुकी है।

उधर, सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है। सीबीआई ने जमानत अर्जी में दी गई दलीलों का विरोध किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई के केस में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ा दी है।

नेपाल में वाहन दुर्घटनाग्रस्त में एक की मौत, दो घायल

पिथौरागढ़। नेपाल के बैतड़ी में शुक्रवार को मिनी ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि वाहन में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक दीपक गिरी ने बताया कि पूर्वाह्न मिनी ट्रक संख्या 01–001 के 0734 दोगड़ाकेदार ग्रामीण नगर पालिका–2 के सिल्लेगड़ा–कटौजपानी कच्ची सड़क में कफलकोट के पास अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे सुरनाया ग्रामीण नगर पालिका–6 निवासी 30 वर्षीय जगदीश अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक मुलखटाली निवासी अमर अवस्थी व कंचनपुर के शुक्लाफांटा नगर पालिका–4 के राजेंद्र राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डंडेलधुरा अस्पताल ले जाया गया।

अनुपूरक बजट में गरीब, युवा, मातृशक्ति और अन्नदाता की चिंता : सीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अनुपूरक बजट में उत्तराखंड के गरीब, युवा, मातृशक्ति और अन्नदाता की चिंता की गई है। सरकार ने केंद्र की योजनाओं को अधिक से अधिक लेने का प्रयास किया है, ताकि ब्याज कम देना पड़े।

सदन में जाने से पहले मुख्यमंत्री धामी मीडिया से मुखातिब हुए और कहा कि हमारा जो सामान्य बजट था वो ठीक से तरह से धरातल उतरे, उसके लिए अनुपूरक में 5013.05 करोड़ का अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया है। अनुपूरक में कई वर्गों को प्राथमिकता दी गई है और निश्चित ही भविष्य में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन योजनाओं को अधिक से अधिक लेने का प्रयास किया है जिनमें ब्याज की देनदारी कम है। इसीलिए नाबार्ड आदि योजनाओं को वरीयता दी गई है। कहा कि हमारी जो परिसंपत्तियां हैं, वो ठीक प्रकार से सुरक्षित रहे। भविष्य के लिए जो हमारी आने वाली पीढ़ी है उसे अच्छा परिवेश देकर जाएं, यह संकल्प है। वह आर्थिक, व्यावहारिक और अवस्थापना के रूप में सशक्त बना रहे यह कोशिश राज्य सरकार की है। गैरसैंण के विकास को लेकर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निश्चित रूप से आगे चलकर यहां बड़े स्तर पर विकास कार्य होंगे। गैरसैंण में हमारे पास बड़ा विधानसभा भवन है और ग्रीष्मकालीन राजधानी है, लिहाजा उसी के अनुरूप विकास किए जा रहे हैं। इसके लिए गैरसैंण विकास परिषद में भी धनराशि का प्रावधान किया है।

आवेदन पर आपत्ति है तो पुत्र से आवेदन वापस लेने का करूंगा आग्रह : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण द्वारा टिहरी बांध जलाशय में क्रूज बोट संचालन हेतु आवेदन मांगे गए थे, जिसमें 25 लोगों द्वारा आवेदन किया गया और जांच के उपरांत 6 लोगों ने इसमें क्वालीफाई किया। जिसमें मेरा पुत्र सुयश रावत भी है। प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाई गई लेकिन इसके बावजूद भी अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश की गई। यदि किसी को मेरे पुत्र के आवेदन करने पर आपत्ति है तो मैं उनसे अपना आवेदन वापस लेने का आग्रह करूंगा।

उक्त बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रेस को जारी अपने एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि विवाद खड़ा करने वालों को यह पता होना चाहिए कि अभी यह केवल आवेदन ही था। किसी को भी क्रूज बोट संचालन की कोई स्वीकृति नहीं मिली थी। कुछ राजनीतिक लोगों ने इसे टेंडर बताकर भ्रम फैलाने का तथाकथित प्रयास किया है। जबकि इस प्रक्रिया में सरकार की ओर से किसी प्रकार का कोई पैसा नहीं लगना था इसमें हमने ही निवेश करना था। श्री महाराज ने कहा कि उनका बेटा चाहता था कि वह उत्तराखंड में निवेश करे और यहां के लोगों को रोजगार दे। लेकिन इसे लेकर कुछ लोगों द्वारा अनर्गल विवाद पैदा किया गया। मेरा राजनीतिक जीवन हमेशा से बेदाग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने हमें सिखाया है कि हमें कमल की तरह रहना चाहिए, राजनीति में स्वच्छता एवं सुचिता होनी चाहिए।

सरकार का बड़ा फैसलाः अब अस्पतालों की सुरक्षा में तैनात होंगे हथियारबंद रिटायर्ड आर्मी जवान

रायपुर , कोलकाता में ट्रेनी महिला डाक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में देशभर में रोष प्रदर्शन किया जा रहा है और आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की जा रही है। वहीं, अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी प्रशासन की ओर से अहम कदम उठाए जा रहे है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में अब हथियारबंद रिटायर्ड आर्मी के जवान तैनात किए जाएंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने राजधानी रायपुर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल प्रशासन से सुरक्षा को और भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। गौर हो कि कोलकाता की घटना के बाद देशभर के डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल की थी, जो सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद समाप्त हुई। डॉक्टरों द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने अस्पतालों में रिटायर्ड आर्मी जवानों की तैनाती का निर्णय लिया है।

सात विधेयक पारित और दो प्रवर समिति को सौंपे

● विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

गैरसैंण। शुक्रवार को विधानसभा में सात विधेयक हुए पारित और दो प्रवर समिति को सौंपे गए। इसके साथ ही विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विद्युत प्रीपेड मीटर व्यवस्था राज्य और आम उपभोक्ताओं के हित में है। इसमें रीचार्ज के दृष्टिगत अलार्म सिस्टम भी है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिल में राहत अथवा अन्य कदम उठाने के संबंध में वित्तीय संसाधनों के हिसाब से निर्णय लिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि विद्युत बिल ज्यादा आने और मीटर खराब होने संबंधी दिक्कतें भी जल्द दूर कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को विधायक ममता राकेश के अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में यह बातें सदन में कहीं।

महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

वहीं शुक्रवार को दिवालीखाल बैरियर पर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। अंकिता हत्याकांड में दोषियों को सजा दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज कांग्रेस महिला मौर्चा ने भराड़ीसैंण कूच किया। पुलिस के कड़े पहरे के बाद महिला प्रदर्शनकारियों को दीवालिखाल में ही रोक दिया गया। सैकड़ों की संख्या में भराड़ीसैंण विधानसभा कूच करने जा रहे महिला प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरियर पर ही रोक दिया।

संपादकीय

छात्रवृत्ति घोटाले में चार्जशीट

उत्तराखंड के चर्चित छात्रवृत्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय बड़ा कदम उठाने जा रहा है। हालांकि इस प्रकरण में क्या सभी आरोपी चिन्हित किया जा चुके हैं यह हमेशा से एक सवाल बना हुआ है, लेकिन 100 करोड़ से अधिक के इस घोटाले ने उत्तराखंड की छात्रवृत्ति योजना में अधिकारियों व संस्थाओं की मिलीभगत को भी उजागर कर दिया था। उत्तराखंड एसआईटी ने काफी मेहनत के बाद इस प्रकरण की परते खोली थी। वर्ष 2017 में छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया था। करोड़ों रुपये के इस घोटाले में वर्ष 2019 में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने अपनी जांच के बाद देहरादून से लेकर हरिद्वार तक के कई शिक्षण संस्थानों में यह फर्जीवाड़ा पड़ा था और 100 से अधिक मुकदमे दर्ज किए थे। जाट की शुरुआती दौर से ही समाज कल्याण विभाग संडे के दायरे में था और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गीताराम नौटियाल और अनुराग शंखधर समेत आठ लोगों की भूमिका सबसे प्रमुख संदिग्ध बनकर सामने आई थी।छात्रवृत्ति घोटाला सामने आने के बाद से इसमें शामिल अधिकारियों और अन्य लोगों ने हर स्तर पर खुद को इस घोटाले से बचने का वार्षिक प्रयास किया लेकिन एसआईटी ने जिस प्रकार से पूरी जांच को आगे बढ़ाया उसका परिणाम आज सामने आया है। ठोस जांच में पता चला कि किस तरह से समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और कई शिक्षण संस्थान छात्रवृत्ति योजना में घोटाले कर रहे थे और ऐसे एससी–एसटी के छात्र जो कभी शिक्षण संस्थान पहुंचे ही नहीं उनके नाम पर करोड़ों की छात्रवृत्ति की बंदरबांट कर ली गई। छात्रवृत्ति घोटाले की संलिप्तता में केवल उत्तराखंड ही नहीं बल्कि घोटालेबाजों ने अपनी हदों को दूसरे राज्यों तक भी फैलाया और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड समेत कई राज्यों के शिक्षण संस्थान शामिल पाए गए। एसआईटी की जांच में यह घोटाला करीब 100 करोड़ रुपये का पाया। अब इस मामले में आरोपियों को सजा मिलना तय है क्योंकि परिवर्तन निदेशालय इस प्रकरण में चार सीट दाखिल कर चुका है। जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर अतिक्रमण करने वाले ऐसे अधिकारियों व शिक्षण संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इन्हें न केवल सजा मिलेगी बल्कि इसे उक्त पूरी छात्रवृत्ति की राशि की भरपाई भी कराई जाएगी।

मानव विकास जीरो, भौतिक विकास हीरो

–भूपेन्द्र गुप्ता

अस्पताल में अपने पुत्र के इलाज के लिए गए मेरे एक मित्र ने मुझे बताया कि बेटे के बेड के सामने ही दो बच्चे अपने पिताजी का भी इलाज आयुष्मान कार्ड से करा रहे थे और परेशान थे। इसी परेशानी में जब मित्र ने उनसे बातचीत शुरू की और पूछा कि बेटा कहां तक पढ़ाई की है?तो उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई छोड़ चुके हैं ।मेरे मित्र ने आश्चर्य से पूछा कि क्यों ?तो उसने कहा कि उसके कई मित्र पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद भी 15 हजार की नौकरी कर रहे हैं, इतना पैसा तो मजदूरी करके भी कमाया जा सकता है फिर पढने् की क्या जरूरत है ? यह धारणा कितने प्रतिशत बच्चों में घर कर चुकी है यह तो कहना मुश्किल है लेकिन सरकारी आंकड़ों में मध्य प्रदेश के कॉलेज में लाखों खाली पड़ी सीटें संकेत जरूर देती हैं कि यह सोच और यह धारणा धीरे–धीरे समाज में पैर पसार रही है। पैसा ही विकास का मापदंड बन गया है अगर आप पेट भर पा रहे हैं तो आप सफल हैं ।

संतोष का यह स्तर किसी भी समाज को आगे बढ़ाने की बजाय किसी खाई खंदक की तरफ भी ले जा सकता है। शिक्षा समझ और रोजगार पैदा कर सकती है इन दोनों चीजों पर शासकीय नीतियों ने भरोसा कम कर दिया है अब उदर पोषण ही भरण पोषण बन रहा है।

देश की सल्तनत में भी यह विचार निरंतर घर करता जा रहा है कि भौतिक विकास ही दर्शनीय विकास है और विकास के नाम पर अगर हमें लोकप्रियता अर्जित करना है तो बड़ी–बड़ी अट्टालिकाएं, भवन और सडक़ों का विकास ही विकास के प्रयासों का वास्तविक प्रदर्शन हो सकता है।

यही कारण है कि अस्पतालों के नाम पर भवन बन रहे हैं लेकिन डाक्टर नहीं हैं।डेढ–दो हजार करोड़ के मेडीकल कालेज बन रहे हैं किंतु पढाने वाले दो दर्जन प्रोफेसर भी नहीं हैं।उपचार के लिये 1500 डाक्टरों की भी भर्ती नहीं हो पा रही है जबकि मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 4 हजार डाक्टर तैयार होते हैं।

कालेज खोले जा रहे हैं किंतु अतिथियों के भरोसे पढाई चल रही है।इंजीनियरिंग कालेजों में हजारों सीट खाली हैं।मानव विकास को उपेक्षित करके भौतिक विकास केवल भ्रष्टाचार और पिलफिरेज का ही माडल बन सकता है,वह स्थाई और सर्वस्पर्शी विकास नहीं बन सकता न ही ऐसा विकास मानव जीवन में बदलाव ला सकता है।

सरकार के अंदर बैठे हुए योजनाकार भी लगभग इसी धारणा के बंधक प्रतीत होते हैं। देश में उच्च शिक्षा तक आने के लिए मजबूत प्राइमरी शिक्षा आवश्यक है वहां से निकलकर ही छात्र उच्च शिक्षा में हाथ आजमा सकता है लेकिन योजनाकारों के मन में यह सवाल ही नहीं उठता कि देश में 2014 में जो 12 लाख 4 हजार शालायें थीं वे घटकर 2022 में 11 लाख 28 हजार कैसे रह गई? जनसंख्या बढ़ रही है और स्कूलें कम हो रही हैं। क्या यह सुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य की पूर्ति करता है?देश भर में 2018–19 की रपट के मुताबिक बंद की गईं कुल 60371 स्कूलों में अकेले मध्य प्रदेश में ही बंद की गईं 29361 शालायें हैं। क्या इतने बंद स्कूलों की भरपाई 50–55 सीएम राईज स्कूल कर सकते हैं?शायद नहीं। किंतु एक भ्रम जरूर पैदा कर सकते हैं कि कुछ किया जा रहा है।

ऐसे अंधेरे भरे वातावरण में कुछ लोग सामुदायिक जिम्मवारी की रोशनी लेकर भी चलते हैं किंतु उनके प्रयास शासकीय तंत्र के पुरुस्कारों का साधन तो बन जाते हैं,किंतु मिशन नहीं बन पाते।मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले का एक गांव बघवार भी है जहां हर बच्चा शिक्षित है। सौ प्रतिशत साक्षरता।गांव के सभी लोग मिलकर सीवेज सिस्टम गांव में बनवा चुके हैं।मोदी जी के अभियान के कई साल पहले वे अपने गांव को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त)कर चुके हैं।प्रदेश के सर्वाधिक वायो गैस प्लांट भी इसी गांव में हैं।जो गांव को कुकिंग गैस और बिजली की आपूर्ति करते हैं।डाक्टर डेफिशिएंट मेडिकल कालेज बनाने वाले फैसलाकार और पढ़ाई से क्या होता है सोचने वाले उन दोनों युवाओं को बघवार जैसे गांव रोशनी दिखाते हैं मगर अंधेरे में ही रहने का फैसला कर चुका समाज उसे पहचाने तो सही?

सरकार के अंदर बैठे हुए योजनाकार भी लगभग इसी धारणा के बंधक प्रतीत होते हैं। देश में उच्च शिक्षा तक आने के लिए मजबूत प्राइमरी शिक्षा आवश्यक है वहां से निकलकर ही छात्र उच्च शिक्षा में हाथ आजमा सकता है लेकिन योजनाकारों के मन में यह सवाल ही नहीं उठता कि देश में 2014 में जो 12 लाख 4 हजार शालायें थीं वे घटकर 2022 में 11 लाख 28 हजार कैसे रह गई? जनसंख्या बढ़ रही है और स्कूलें कम हो रही हैं। क्या यह सुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य की पूर्ति करता है?देश भर में 2018–19 की रपट के मुताबिक बंद की गईं कुल 60371 स्कूलों में अकेले मध्य प्रदेश में ही बंद की गईं 29361 शालायें हैं। क्या इतने बंद स्कूलों की भरपाई 50–55 सीएम राईज स्कूल कर सकते हैं?शायद नहीं।

दंड देने का भी प्रावधान बनाना चाहिए

रजनीश कपूर

बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश किया गया। इस बिल को विधान सभा में तो पास कर दिया गया परंतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इसका भारी विरोध हुआ जिसके चलते बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की मांग पर इसे सदन ने पास करने की जगह प्रवर समिति को भेजने का फैसला लेकर इसे फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया।

उत्तर प्रदेश में कड़े फैसले लेने के लिए मशहूर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया गया यह निर्णय सही जरूर प्रतीत होता है, परंतु जिस तरह इस विधेयक का विरोध उन्हीं की पार्टी द्वारा किया जा रहा है, तो ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में शायद कुछ संशोधन के साथ इसे पुनः पेश किया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिस भी जमीन का कोई वारिस न हो और वो सरकार के अधीन हो, उसे नजूल जमीन कहते हैं। गौरतलब है कि औपनिवेशिक शासन में अंग्रेजों द्वारा भारत में बड़ी संख्या में जमीनों पर कब्जा किया गया था, लेकिन आजादी के बाद जिस भी नागरिक के पास उसकी जमीन के दस्तावेज थे उन्हें उनकी जमीन वापस मिल गई, परंतु ऐसी कई जमीनें थीं जिनकी मिल्कियत के प्रमाण या जीवित स्वामी उपलब्ध नहीं थे। ऐसी जमीनों को सरकार ने अपने पास रखा, जिसे नजूल जमीन कहा गया। आजादी के बाद इस नजूल जमीन पर यदि कोई रह रहा था तो उससे सरकार ने किराया वसूलना शुरू किया और उस जमीन को लंबे समय के लिए लीज पर देना शुरू कर दिया।

इसके बावजूद ऐसी कई नजूल जमीनें हैं जिन पर लोग अवैध कब्जा कर रह रहे हैं, परंतु जैसे ही उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश हुआ, तो सरकार ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि जिस–जिस नजूल जमीन पर लोग गैरकानूनी ढंग से रह रहे हैं या जिन नजूल जमीनों की लीज का किराया सरकार को नहीं दिया जा रहा, उस नजूल जमीन को उत्तर प्रदेश की सरकार वापस ले लेगी और इस भूमि को सरकारी विकास कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। योगी जी द्वारा उठाया गया ये कदम सही था, परंतु विपक्ष को इस बात पर शक है कि विकास कार्य के नाम पर कहीं प्रदेश की लाखों करोड़ की हजारों एकड़ जमीन को अपने खास चुनिंदा लोगों के बीच बांट दिया जाएगा।

इतना ही नहीं भाजपा के विधायक भी इस अधिनियम के विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में ऐसी कई जमीनें हैं जिन पर शागिर्द–पेशा वाले परिवार रह रहे हैं, जो सदियों से वहां रह रहे हैं, परंतु उनके पास कोई भी प्रमाण नहीं है। ऐसे में उनका क्या होगा? कई भाजपा विधायकों का तो यह भी कहना है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघर लोगों को घर दिए जा रहे हैं और वहीं दूसरी ओर जो गरीब दशकों से यहां रह रहे हैं उन्हें बेघर किया जा रहा है। तो भला ऐसे बिल का क्या औचित्य? जैसे ही इस अधिनियम पर राजनीति तेज हुई विपक्ष भी खुलकर सामने आया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध जताते हुए लिखा, ह्यनजूल लैंड का मामला पूरी तरह से ह्यघर उजाडऩे्ह्न का फैसला है क्योंकि बुलडोजर हर घर पर नहीं चल सकता है।

जनता को दुख देने में भाजपा अपनी खुशी मानती है। जब से भाजपा आई है, तब से जनता रोजी–रोटी–रोजगार के लिए भटक रही है, और अब भाजपाई मकान भी छीनना चाहते हैं। क्या भू–माफियाओं के लिए भाजपा जनता को बेघर कर देगी? अगर भाजपा को लगता है कि उनका ये फैसला सही है तो हम डंके की चोट पर कहते हैं, अगर हिम्मत है तो इसे पूरे देश में लागू करके दिखाएं क्योंकि नजूल लैंड केवल यूपी में ही नहीं पूरे देश में है।ह्न देखा जाए तो इस अधिनियम के विरुद्ध हो रहे विवाद में भाजपा और विपक्षी नेताओं का एतराज सही है।

यदि सरकार को ऐसा अधिनियम लाना ही था तो उसे नजूल भूमि पर सदियों से बसे हुए परिवारों को पुनर्वास करने की योजना भी बनानी चाहिए थी। इसके हर पहलू पर गहन विचार के बाद ही इसे पेश किया जाना चाहिए था। चूंकि उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों ही जगह भाजपा की सरकार है तो योगी जी को प्रधानमंत्री मोदी से इस पर चर्चा करनी चाहिए थी। इसे भाजपा शासित किसी छोटे राज्य में लागू करना चाहिए था। इस अधिनियम को लाने से पहले सरकार द्वारा यहां पर बसे लोगों को पुनर्वास करने की योजना बना लेनी चाहिए थी।

सरकार को इन नजूल भूमि पर किए जाने वाले विकास कार्यों की सूची भी बना लेनी चाहिए थी। सरकार द्वारा नजूल भूमि पर अवैध रूप से पट्टे जारी करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को दंड देने का भी प्रावधान बनाना चाहिए था। यदि इन सब पहलुओं पर सरकार द्वारा नहीं सोचा गया तो ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को सलाह देने वाले अधिकारियों ने आनन–फानन में इस अधिनियम को पेश करवाया। देखना यह होगा कि आने वाले समय में प्रवर समिति इस अधिनियम पर क्या सुझाव देती है?

विदेशों में भारतीय राजनयिकों की मांग

अजय दीक्षित

पिछले दिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वक्तव्य में कहा है कि अब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की विश्व छवि के कारण विदेशी देशों में भी भारतीयों की मांग बढ़ गई है कि वे वहां के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनें । यूं भारत मूल के लोग बहुत से देशों में शीर्ष पदों पर हैं –– सिंगापुर, आयरलैण्ड, मॉरीशस, क्यूगयाना, दक्षिण–अफ्रीका, इंग्लैण्ड, फीजी, साउथ गुयाना आदि आदि । इंग्लैण्ड के अभी तक के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिन्दू हैं । वहां दस डाउनिंग स्ट्रीट में राजकीय स्तर पर दिवाली मनाई गई । यूं उनके माता–पिता भारतीय हैं और उन्होंने एक बहुत अमीर भारतीय महिला से शादी की है । वे पूरी तरह से ब्रिटिश हैं खैर अब तो प्रधानमंत्री भी नहीं हैं । ऋषि सुनक कंजरवेटिव पार्टी से प्रधानमंत्री थे । चर्चिल भी उसी पार्टी के थे । अमेरिका में नवम्बर में राष्ट्रपति का चुनाव वहां डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस उम्मीदवार हैं । यूं उनके नाम का एक हिस्सा भारतीय है । उनके माता–पिता किसी अफ्रीकी देश से थे । कमला हैरिस पूरी तरह से अमरीकी हैं । उनके पति अमरीका के एक बड़े रईस हैं । वे यहूदी हैं । अमरीका में लगभग सारे यहूदी बहुत अमीर हैं वे इजराइल की आर्थिक मदद करते हैं । कमला हैरिस को प्रभावशाली सात राज्यों में बढ़त है जबकि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की केवल दो राज्यों में बढ़त है । बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी से केवल 35त्न समर्थन था, परन्तु कमला हैरिस को उनकी पार्टी के 80त्न का समर्थन है । जानकारों के अनुसार 19 अगस्त को होने वाले डेमोक्रेटिक अधिवेशन में कमला हैरिस को पहले से ही 3900 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है । अटलांटा में पिछले दिन कमला हैरिस ने बेहद जोशीला भाषण दिया था । कमला हैरिस को एंटीजोना, मिरीगन, नेवादा, विस्कोन्सिन, नॉर्थ कैरोलिना, पेंन्सिनवेनिया और कर्जिया में बहुत तगड़ा समर्थन? है । डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस के पारिवारिक पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करते हैं जिसे अमेरीकी पसंद नहीं करते । ट्रंप के अनुसार कमला हैरिस के पति यहूदी होकर भी यहूदियों का विरोध करते हैं । कमला हैरिस ने हाल में इजराइल को सलाह दी थी कि वह हमास से युद्ध बन्द करे । अमरीकी यहूदी कमला हैरिस के इस बयान से नाखुश हैं । असल में मोदी जी की विश्व लोकप्रियता निर्विवाद सत्य है । आज में सबसे बड़े विश्व नेता हैं । मोदी जी पूरी तरह से भारतीय हैं और भारत को विश्व गुरु बनाना ही उनकी प्राथमिकता है ।

ट्रंप को जीवनदान भगवान की देन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला निश्चित रूप से चिंता का सबब है। 40 दिन पूर्व राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ट्रंप पर एक चुनावी सभा में जानलेवा हमले से हर कोई हलकान है।

वाकई ट्रंप को जो जीवनदान मिला है, वह भगवान की देन ही कही जाएगी। खुद ट्रंप ऐसा मानते हैं। दरअसल, अमेरिका में बंदूक संस्कृति की वजह से खून–खराबे का ऐसा माहौल बना है। कहते हैं कि वहां लोगों से ज्यादा बंदूकें हैं।हालांकि इस हमले को सियासी चश्मे से भी देखा और परखा जा रहा है। कई जानकार तो यहां तक दावा करने लगे हैं कि इस हमले के बाद ट्रंप की जीत की राह काफी आसान हो गई है। बहरहाल, ये सभी कयासबाजी मुकम्मल जांच के बाद ही साफ हो सकेंगी कि इसके पीछे किसकी साजिश है। प्रथम दृष्टया जो कुछ सार्वजनिक हुआ है, उसमें हमलावर की ट्रंप के प्रति नासंदगी की बात है। चुनाव के ठीक पहले इस तरह के हमले को लेकर कई किंतु–परंतु होते हैं। यह लगभग हर देश में होता है। अमेरिका में भी इसे लेकर कई तरह की बातें हो रही हैं, मगर एक बात तो हर किसी को अपने जेहन में रखनी होगी कि हिंसा और खून बहाना किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए श्राप से कम नहीं। इस नाते किसी को भी इस मसले पर अपनी त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए। विश्व के सबसे ताकतवर मुल्क के मुखिया के पद पर रहे शख्स को जान से मारने की नीयत से हमला करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। राष्ट्रपति जो बाइडन को तुरंत पूरे प्रकरण की ठोस जांच करानी चाहिए और इस बात का भरोसा विपक्षी दलों समेत देश की जनता को दिलाना चाहिए कि ऐसे कृत्य नाकाबिले बर्दाश्त हैं। इस बात की भी जांच पूरी पारदर्शिता से होनी चाहिए कि उनकी सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के एजेंट से कहां चूक हुई।निश्चित तौर पर ट्रंप पर हमला सामान्य घटना नहीं है। इससे अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव की पूरी दिशा ही बदल सकती है। ट्रंप फिलहाल बाइडन से प्रचार में बढ़त बनाए हुए हैं। बाइडन की उम्र और उम्र संबंधी दुरियों की वजह से रिपब्लिन पार्टी फिलवक्त कमजोर दिखती है।

खतरों के खिलाड़ी 14 को अलविदा कह चुकीं अदिति शर्मा ने बताया अपना अनुभव

स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को अलविदा कह चुकीं अभिनेत्री अदिति शर्मा ने बताया कि अपने डर का सामना करने की यात्रा करने में वह जिस तरह से आगे बढ़ी हैं, उसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। शो के चौथे हफ्ते में अदिति के सफर का अंत एक बड़ी चुनौती के साथ हुआ। बिच्छुओं से जुड़े एक स्टंट में उनका सामना शालीन भनोट से हुआ। अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद अदिति शालीन से हार गईं। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अदिति ने कहा, मैं खुद को खोजने के इस अविश्वसनीय सफर के लिए खतरों के खिलाड़ी 14 का शुक्रिया अदा करती हूं।

अपने सबसे गहरे डर का सामना करने से लेकर खतरे का सामना करने तक, मैं उन तरीकों से आगे बढ़ी हूं जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा, मैं इस यात्रा के हर पल, हर दोस्त के लिए आभारी हूं। इस अनुभव ने मुझे सिखाया है कि सच्चा साहस निडर होने के बारे में नहीं है, बल्कि डरे हुए होने पर भी खुद में बने रहने के बारे में है। यह शो रोमानिया के बुखारेस्ट में फिल्माया गया है और इसकी मेजबानी रोहित शेट्टी कर रहे हैं। प्रतिभागियों की वर्तमान लाइनअप में आशीष मेहरोत्रा, अभिषेक कुमार, गशमीर महाजनी, करण वीर मेहरा, निमृत कौर अहलूवालिया, नियति फतनानी, शालीन भनोट और सुमोना चक्रवर्ती हैं। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है। नई दिल्ली की रहने वाली अदिति ने 2017 में गुरु रंधावा के साथ तारे नामक एक संगीत वीडियो से अभिनय की शुरुआत की थी। बाद में वह दो पंजाबी संगीत वीडियो नान और बेकड़ा और एक हरियाणवी संगीत वीडियो तू राजा की राज दुलारी में दिखाई दी थीं।

लुसाने डायमंड लीग 2024: दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा, इस सीजन अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका

नईदिल्ली, भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा लुसाने डायमंड लीग 2024 के पुरुषों की स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे।हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने अंतिम दौर में 89.49 मीटर दूर थ्रो फेंका। यह इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.61 मीटर के अपने अंतिम प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे। इस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज ने अब तक 20 टूर्नामेंट खेले हैं। इन सभी टूर्नामेंट में यह खिलाड़ी शीर्ष–2 में रहा है।मुकाबले की बात करें तो पहले 4 थ्रो में नीरज 85 मीटर दूर तक भी नहीं पहुंच सके थे।उनका पहला थ्रो 82.10 मीटर, दूसरा 83.21 मीटर, तीसरा 83.31 मीटर, चौथा 82.34 मीटर का रहा था। उन्होंने अपने 5वें थ्रो में 85.58 मीटर दूर भाला फेंका। उनका आखिरी थ्रो 89.49 मीटर का रहा। अब नीरज अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में खेलेंगे और उनका लक्ष्य 2022 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल करना होगा।

वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका: पहले टी–20 मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरूरी आंकड़े

नईदिल्ली,दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टी–20 सीरीज का आगाज भारतीय समयानुसार आज रात 12:30 बजे (24 अगस्त) से होगा।कैरेबियाई टीम टी–20 प्रारूप में ज्यादा सफल मानी जाती है और आगामी सीरीज में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का भी प्रयास करेगी।टी–20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका टीम भी सीरीज में उसे कड़ी टक्कर देना चाहेगी। अब तक दोनों टीमों के बीच टी–20 क्रिकेट में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दोनों टीमें कुल 23 मैचों में आमने–सामने हुई हैं, जिसमें से 12 मैच दक्षिण अफ्रीका ने और 11 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं।कैरेबियाई टीम ने

अपने घर पर खेलते हुए प्रोटियाज टीम को 5 टी–20 मुकाबलों में हराया है और 6 टी–20 में उसने हार का सामना किया है।

इस सीरीज में वेस्टइंडीज के लिए आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर और अलजारी जोसेफ खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। इन सभी अनुभवी खिलाडिय़ों को आराम दिया गया है।ऐसे में अन्य खिलाडिय़ों को खुद को साबित करने का मौका होगा। निकोलस पूरन और शाई होप जैसे खिलाडिय़ों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।वेस्टइंडीज की संभावित एकादश: जॉनसन चार्ल्स (विकेटकीपर), होप, रोस्टन चेज, पूरन, शिमरन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोमारियो शेफर्ड, अकील होसेन, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ और गुडाकेश मोती।

कगिसो रबाडा, केशव महाराज और मार्को येंसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है, वहीं, एनरिक नोर्खिया, क्विंटन डिकॉक और हेनरिक क्लासेन को अलग–अलग कारणों से टीम में नहीं चुना गया है।

सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर आया सामने

अभिनेत्री सनी लियोन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कोटेशन गैंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसके लिए दर्शकों को और इंतजार करना पड़ेगा।

कोटेशन गैंग की रिलीज डेट अब जुलाई से खिसकाकर आगे बढ़ा दी गई है। अब यह फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

सनी लियोनी की कोटेशन गैंग अब 30 अगस्त को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ, प्रियामणि और सारा अर्जुन जैसे कलाकार हैं। इसमें अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन भी हैं। सनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज की तारीख की घोषणा की। साथ ही एक नया मोशन पोस्टर भी जारी किया, जिसमें फिल्म में उनका तीव्र अवतार दिखाया गया है।

अभिनेत्री ने लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। विवेक के कन्नन द्वारा निर्देशित कोटेशन गैंग को कश्मीर, मुंबई और चेन्नई में फिल्माया गया था। पिछले महीने, सनी ने फिल्म का पहला लुक जारी किया था, जिसमें वह चेकर्ड शर्ट और स्कर्ट में दिखाई दी थीं, जिसमें प्रिया मणि के किरदार के साथ ग्रामीण लुक में दिखाई दे रही थी।

सनी ने इस फिल्म के लिए ग्लैमरस अवतार को त्याग दिया है और खुद को एक बोल्ड ग्रामीण माफिया सदस्य की भूमिका में ढाल लिया है। कोटेशन गैंग में सनी एक हत्यारे और कॉन्ट्रैक्ट किलिंग में माहिर एक क्रूर गिरोह के प्रमुख सदस्य की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की वेदा का हाल–बेहाल, लाखों में सिमटी दैनिक कमाई

जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की फिल्म वेदा का बॉक्स ऑफिस पर कुछ ही दिनों में बुरा हाल हो गया है। जबरदस्त एक्शन से भरपूर इस फिल्म की दैनिक कमाई चंद दिनों में लाखों में सिमट गई है।दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।आइए जानते हैं वेदा के खाते में छठे दिन कितने लाख रुपये आए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, वेदा ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी मंगलवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया।

बैटिंग के बाद मोहम्मद रिजवान का कीपिंग में कमाल

नईदिल्ली,पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रावलपिंडी में खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे मोहम्मद रिजवान की बेहतरीन विकेटकीपिंग का जलवा देखने को मिला. पाकिस्तान के लिए पहली पारी में शानदार शतकीय पारी खेलने वाले रिजवान जब विकेटकीपिंग के लिए विकेट के पीछे पहुंचे तो ऐसा कैच पकड़ा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है. बांग्लादेश की पारी का 27 वां ओवर तेज गेंदबाज नसीम शाह कर रहे थे. बल्लेबाजी पर जाकिर हसन थे. नसीम की बाहर जाती गेंद को जाकिर ने कट करने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले का किनारा लेती हुई फर्स्ट स्लिप खड़े बाबर आजम के पास पहुंच गई. बाबर कैच के

लिए अपना हाथ बढ़ाते तबतक रिजवान ने उनकी तरफ छलांग लगाते हुए कैच लपक लिया. इस अद्भुत कैच को देख बाबर आजम खुशी से उछल पड़े और रिजवान को गले लगाकर बधाई दी. साथ ही अन्य पाकिस्तानी खिलाडिय़ों ने भी उन्हें बधाई दी. पाकिस्तान को पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 448 पर पहुंचाने में रिजवान की अहम भूमिका रही थी. रिजवान ने सउद्द शकील के साथ 5 वें विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी करने के साथ ही 239 गेंदों पर 11 चौके और 3 छक्के लगाते हुए नाबाद 171 रन बनाए.रिजवान जब बैटिंग कर रहे थे उस समय टेस्ट में 3 दिन से अधिक का समय था और 4 विकेट भी शेष थे. शाहीन अफरीदी 29 रन बनाकर क्रीज पर जमे भी थे इसके बावजूद उन्हें दोहरा शतक पूरा करने का मौका नहीं दिया गया. इसे लेकर थोड़ा विवाद भी हुआ है. हालांकि बाद शकील ने खुलासा किया कि पारी घोषित करने का फैसला काफी पहले लिया जा चुका था. पाकिस्तान के 448 रन के जवाब में बांग्लादेश तीसरे दिन लंच तक 2 विकेट के नुकसान पर 134 रन बना चुका था.

एक नजर

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के हिमालयन वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला के प्रभारी डा. आलोक सागर गौतम ने छात्रों को बताया कि भारत अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (एनएसपीडी-2024) मनाने जा रहा है। बताया कि 23 अगस्त 2023 को इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने चंद्रमा पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था। इस मिशन के पूरा होते ही भारत चांद पर सफल लैंडिंग करने वाला चौथा व दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया। चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद 23 अगस्त को अब आधिकारिक रूप से अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है। जिसके तहत आज पूरा भारत राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही

श्रीनगर गढ़वाल : ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद देवप्रयाग में गंगा खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर पहुंच गई। तेजी से बढ़े पानी से घाट सभी पानी में डूबे रहे। शुक्रवार को यहां अलकनंदा के जल स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई। केंद्रीय जलायोग के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार तड़के चार बजे से अलकनंदा का जलस्तर 460 मीटर से बढ़ना शुरू हुआ और सुबह 7 से 8 बजे के बीच इसमें तेजी से वृद्धि हुई। जिसके बाद जलस्तर 465 मीटर तक पहुंच गया। इसको देखते गंगा के जल स्तर भी 463 खतरे के निशान को पार कर 465 मीटर तक पहुंच गया। गंगा के खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर पहुंचते ही प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों से सटे गांवों को अलर्ट कर दिया। (एजेंसी)

कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभा कूच

चमोली : उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रोतेला के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला कार्यकर्ताओं ने विधानसभा ओर कूच किया। महिलाएं वाहनों से कालीमाटी में एकत्रित हुई लेकिन दुग्तमासैंण पर बने बेरियर पर पुलिस ने वाहनों को रोक दिया। वाहनों को रोकने पर महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार के विरोध में नारे लगाएं प्रदर्शन के बाद पुलिस ने बेरियर खोल कर महिलाओं को आगे जाने दिया। यहां से पैदल मार्च करते हुए महिलाएं दिवाली खाल बेरियर पर पहुंची जहां पुलिस द्वारा उन्हें पुनः रोक दिया गया। इस पर आक्रोशित महिला कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर ही बैठ कर धरना देने लग गई। इस दौरान महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह से असफल रही है। उन्होंने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने व अंकिता और तस्लीमा हत्या कां की सीबीई जांच कर-ाकर परिजनों को न्याय देने की मांग की।

हाउस वोट संचालन में पारदर्शी हो साक्षात्कार

चमोली : नगर कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर ने शुक्रवार को टिहरी झील पर्यटन में हाउस वोट क्रूज संचालन को लेकर एसडीएम कीर्तिनगर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा है कि हाउस वोट संचालन के लिये मांगे गये आवेदनों में 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के बेटे के नाम से भी आवेदन किया गया है।

साथ ही जिपंअ के पति के नाम से भी आवेदन किया गया है जो कि खुद जिपंस हैं। कांग्रेस कमेटी से जुड़े लोगों ने कहा कि साक्षात्कार में बंदरबांट होने के पूरे आसार हैं। निष्पक्ष आवंटन अगर नहीं होता है तो कांग्रेस को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

पात्रता निर्धारण की खामियां दूर करने की उठाई मांग

नई टिहरी : टिहरी बांध प्रभावित उत्तरकाशी जिले के बल्डोगी गांव के लोगों ने पात्रता निर्धारण और कृषि और आवासीय भूखंड आवंटन को लेकर पुनर्वास निदेशक डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि पुनर्वास विभाग की ओर से की गई पात्रता निर्धारण में कई खामियां हैं। जिनको दूर किया जाना जरूरी है। शुक्रवार को थौलधार के पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में बल्डोगी गांव के टिहरी बांध प्रभावितों ने डीएम/पुनर्वास निदेशक को समस्या बताई। बताया कि उनके गांव में 50 प्रतिशत परिवार पूर्ण विस्थापित हो चुके हैं।

विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कॉलेज कोटद्वार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नाटक व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु राम राय विश्व विद्यालय एवं श्री महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून के कार्यों का वीडियो क्लिप दिखाकर किया गया। इसके बाद रेडियोलाजी विभाग से पूजा जोशी, ज्योति चौहान ने वर्तमान के दौर में सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्सरे जैसी तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर फिजियोथेरिपी विभाग से डा. शिवी शर्मा ने बताया कि फिजियोथेरिपी अनगिनत व्यक्तियों के लिए उपचार, पुनर्वास व जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए समर्पित एक क्षेत्र है। मेडिकल माइक्रोबायलाजी विभाग के दिनेश सिंह ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि इस क्षेत्र में सूक्ष्मजीवों, बैक्टीरिया, वायरस, कवक व प्रोटोजोआ का अध्ययन शामिल है। पैथालोजी विभाग के नीरज बिष्ट ने बताया कि मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलाजी को चुनने का आपका यह निर्णय यह दर्शाता है कि आप विज्ञान को आगे बढ़ाना एवं मरीजों की देखभाल में सुधार के लिए अपना योगदान देने के लिए तैयार है। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से चिकित्सा के बारे में भी बताया। साथ ही छात्रों ने रंगारंग सांस्कृति प्रस्तुतियां भी दी। इस मौके पर प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल, प्रणव राज बमराड़ा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. शिवी शर्मा ने किया।

संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

कोटद्वार में आयोजित बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि संगठन से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शुक्रवार को देवी रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि एक सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश में दो एवं तीन सितंबर को मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष भी अभियान को लांच करेंगे। कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ना होना चाहिए। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि हमारे लिए सत्ता समाज परिवर्तन का माध्यम है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वतीय व स्वयं अंतिम में आता है। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी तीन तरीके से सदस्यता बनाएगी। कॉल, वेबसाइट और स्कैन के माध्यम से। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत, संयोजक जगमोहन सिंह रावत, सह संयोजक मोहन सिंह नेगी, प्रशांत बछवान, सुनीता कोटनाला, ऋषि कंडवाल, उमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

दो मोटर साइकिलों के साथ बाइक चोर गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से चोरी हुई दो मोटर साइकिलों के साथ पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।उपनिरीक्षक किशनदत्त शर्मा ने बताया कि 17 अगस्त को कोटद्वार निवासी आकाश कुकरेती ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने देवी रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के बाहर खड़ी अपनी मोटर साइकिल चोरी होने की बात कही। 21 अगस्त को दीपक विश्नोई ने भी नजीबाबाद चौराहे के समीप से अपनी मोटर साइकिल चोरी होने की शिकायत दी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर ग्राम नेकपुर निवासी अकिलेंद्र उर्फ बाबू मोटरसाइकिल चोरी करता हुआ नजर आया। बताया कि आरोपित को मोटर साइकिलों के साथ दिल्ली फार्म से गिरफ्तार किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में जिया व तनीषा रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : चंद्रयान की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के एक वर्ष पूर्ण होने पर शांति बल्लभ मेमोरियल इंटर कालेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में जिया व तनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारत के चंद्रयान की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग करने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शांति बल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाया गया। इस दौरान अंतरिक्ष क्विज, अंतरिक्ष पेंटिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीजी कालेज के पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रिज भूषण सिंह रावत ने कहा इस दिन ही सन 2023 में भारत चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया। इस क्षण को देखकर भारत वासियों का सीना गर्व से फूल गया। बताया कि इस दिन को महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है। प्रधानाचार्य वरुण कुमार भदोला ने कहा कि इस दिन को इसरो दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिवस पर लोग अंतरिक्ष मिशन और अन्वेषण के क्षेत्र में भारत की शानदार उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं। तत्पश्चात आयोजित क्विज प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में जिया प्रथम, अंशिका द्वितीय और सौम्या रावत तृतीय स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में तनीषा ने पहला, श्रीयांशी ने दूसरा और यामिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग की पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता में अलीना पहले, एलाइबा दूसरे और प्रांजल तीसरे स्थान पर रहे। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि

फुटबॉल, कबड्डी और क्रिकेट में छात्रों ने दिखाया दमखम

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड खिर्सू की शरदकालीन खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को एनआईटी मैदान श्रीनगर में फुटबॉल, कबड्डी और क्रिकेट में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। अंडर-14 वर्ग में फुटबॉल प्रतियोगिता का पहले मैच में राजकीय उच्चतर माध्यमिक श्रीकोट गंगानाली ने सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट को 2-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट उपविजेता रहा। जबकि राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट ने द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कठूली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट ने प्रथम, बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता के पहले दिन खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट ने प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगें। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या	141-DRM-MB-24-25 dt. 20.08.2024		
कार्य का नाम	Provision of infrastructural facilities, monitoring mechanisms, FOIS/TMS and facilities for merchants at Bulandshahar goods shed under the jurisdiction of ADEN/HPU.		
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	12.09.2024	टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00
अनुमानित लागत	2,90,52,085.86	धरोहर राशि	2,95,300.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	10 माह	बिडिंग आरम्भ तिथि	03.09.2024
टेंडर नं. Sr.DEN-IV/Publication/23-24 दिनांक-22.08.2024			2621/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सपने को साकार करने के लिए परिश्रम एवं प्रतिबद्ध भाव से कार्य करें छात्र : अग्रवाल

चित्रकला प्रतियोगिता में सानिया व अंकुश रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रथम अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियर वर्ग में सानिया व सीनियर वर्ग में अंकुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसरो के वैज्ञानिक दीपक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक दीपक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सदैव बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें साकार करने के लिए पूरे परिश्रम एवं प्रतिबद्ध भाव से कार्य करना चाहिए। जुनून के साथ कार्य करने वालों की जय निश्चित है। अग्रवाल ने कहा कि वह भी स्वयं राजकीय इंटर कालेज दुगड्डा व राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के विद्यार्थी रह चुके हैं। एक छोटे से शहर व कस्बे से निकलकर भी छात्र बेहतर मुकाम को हासिल कर सकते हैं। हर व्यक्ति के पास एक नया विचार, नया आइडिया होता है। इसे अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कहा कि आज भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल की है। कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस जैसे आयोजनों से हमें विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊर्जा, हौसले और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलती है। इस मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में सानिया प्रथम, आदित्य द्वितीय व सिद्धांत तृतीय स्थान पर रहे। जबकि सीनियर वर्ग में अंशुल पंवार प्रथम, हर्षित वर्मा द्वितीय व अंशपाल तृतीय रहे। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने वैज्ञानिक अग्रवाल का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य डा. पद्मेश बुड़ाकोटी ने कहा कि वैज्ञानिक दीपक अग्रवाल ने चंद्रयान मिशन में अपने योगदान से पूरे क्षेत्र व राज्य को गौरवांवित किया। इस मौके पर शिक्षक दौलत सिंह गुसाईं, मनमोहन सिंह चौहान, भारत सिंह नेगी, अनूप नेगी, सतपाल सिंह चौहान, सरिता रौतेला, नितिन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पोस्टर बनाते विद्यार्थी

शिक्षा मंत्री के आदेश का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने शिक्षा मंत्री की ओर से अशासकीय इंटर कालेज में शिक्षकों की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग से करवाए जाने के आदेश का स्वागत किया है।

संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि बीएड प्रशिक्षित लंबे समय से यह मांग उठा रहे थे। कहा कि अशासकीय विद्यालय व कालेजों में आयोग के माध्यम से होने वाली शिक्षकों की नियुक्तियों में पूर्व की तरह अधिकतम आयु सीमा का प्रावधान नही रखा जाना चाहिए। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी अशासकीय विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति में अधिकतम आयु सीमा का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

सब्सिडी स्कीम से तैयार बिजनेस को मेहनत करके लाभदायक बनाएं : डीएम

डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

और इनोवेटिव प्रयास को अमल में लाएं, ताकि आय में वृद्धि हो सकेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन आवेदकों के दस्तावेज अधूरे रह गए हैं वह समय पर दस्तावेज पूर्ण करते हुए पर्यटन विभाग को प्रस्तुत करें। जिससे आगे की कार्यवाही समय पर की जा सकेगी। उन्होंने स्वरोजगार इच्छुक लोगों को योजना के तहत अधिक से अधिक स्वरोजगार मुहैया करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि जिन आवेदकों द्वारा पूरे दस्तावेज बैंक को प्रस्तुत किये हैं वह तत्काल आगे की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कहा कि होमस्टे के लिए जिन आवेदकों के नक्शे नियमानुसार नहीं बने हैं वह समय पर सही नक्शा बनाते हुए पर्यटन विभाग को प्रस्तुत करें। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 14 आवेदन तथा दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में 08 आवेदन प्राप्त हुए। वाहन के लिए 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 6 आवेदन स्वीकृत व गैर वाहन मद में 04 आवेदन आये जिन्हें सभी को स्वीकृति दी गई तथा होमस्टे के लिए सभी 08 आवेदन आये जिसमें 05 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। बैठक में लीड बैंक अधिकारी प्रताप सिंह राणा, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री, आरआई परिवहन विभाग आनन्द वर्धन, सहायक प्रबंधक उद्योग बिजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व आवेदक उपस्थित थे।

वाहन व होमस्टे योजना में 22 में से 15 आवेदन स्वीकृत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना की जनपद स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वरोजगार हेतु आ रहे आवेदनों की जांच कर उन्हें योजना से लाभांवित करें। जिससे वह समय पर योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान उन्होंने आवेदकों से स्वरोजगार योजना में होमस्टे व वाहन मद के आवेदकों के व्यावसायिक व कार्य क्षेत्र के बारे में संपूर्ण जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने आयोजित बैठक में संबंधित आवेदको को कहा कि समय पर बैंकों में अपने दस्तावेज जमा करें, जिससे बैंक को ऋण देने में आसानी प्राप्त होगी। उन्होंने आवेदकों को वाहन संचालन व होमस्टे के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को कहा। कहा कि स्वरोजगार में अधिक मेहनत

कार्यालय प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पालकोट, वि0ख0- एकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल

दिनांक :- 23/8/24

निविदा सूचना

पत्रांक मैमो

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 25/8/24 से 5/9/24 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे पूर्वाहन से 4 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क 500+18% जीएसटी देकर प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 6/9/24 को सायं 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 7/9/24 में प्रातः 11 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा0प0वि0अधि0 के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोला जायेगा।

कार्य का विवरण	स्वीकृत धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
पंचायत भवन की छत दीवार मरम्मत व रंग रोगन व शौचालय मरम्मत व भवन व शौचालय पर टाइल्स निर्माण कार्य	4 लाख	2% 8000	500+18% जीएसटी	45 दिन	डी अथवा उच्चतर

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पालकोट
वि0ख0 एकेश्वर
(पौड़ी गढ़वाल)

कार्यालय प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ईडा, वि0ख0- एकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल

दिनांक :- 23/8/24

निविदा सूचना

पत्रांक मैमो

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 25/8/24 से 5/9/24 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे पूर्वाहन से 4 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क 500+18% जीएसटी देकर प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 6/9/24 को सायं 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 7/9/24 में प्रातः 11 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा0प0वि0अधि0 के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोला जायेगी।

कार्य का विवरण	स्वीकृत धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
पंचायत भवन की छत दीवार मरम्मत व रंग रोगन व शौचालय मरम्मत व भवन व शौचालय पर टाइल्स निर्माण कार्य	4 लाख	2% 8000	500+18% जीएसटी	45 दिन	डी अथवा उच्चतर

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ईडा
वि0ख0 एकेश्वर
(पौड़ी गढ़वाल)

एक नजर

क्रूज लाईसेंस आवंटन में पारदर्शिता की मांग

नई टिहरी : स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर क्रूज बोट संचालन को 28 अगस्त को होने वाले साक्षात्कार में पारदर्शिता बरतने की मांग की है। क्रूज संचालन के लिए हाई प्रोफाईल आवेदन सामने आने से पारदर्शिता को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से सीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि 28 अगस्त को टिहरी झील में दो क्रूज बोट संचालन के लाईसेंस के लिए आवेदन के बाद साक्षात्कार रखे गए हैं।

क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को मनरेगा व अन्य मद से जल्द दुरस्त करें: सीडीओ

नई टिहरी : सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने घनसाली के आपदा प्रभावित गांवों के ग्राम प्रधानों और ब्लॉक कर्मचारियों के साथ बैठक की।

बैठक में सीडीओ ने प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्यों की जानकारी लेते हुए क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को को शीघ्र दुरस्त करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को घनसाली के राइंका घुत्तु में आयोजित बैठक में सीडीओ डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि प्रभावित गांवों में आपदा से क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को मनरेगा एवं अन्य मद से शीघ्र सुचारु किया जाए। जिससे लोगो को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हों सके। (एजेंसी)

धूमधाम से मनाई जाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

श्रीनगर गढ़वाल : इस्कॉन श्रीनगर द्वारा 26 अगस्त को सराफा धर्मशाला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महामहोत्सव में श्री कृष्ण अभिषेक, आरती, कीर्तन, कथा, श्री राधा कृष्ण झूलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य मुख्य केंद्र रहेंगे।

इस्कॉन श्रीनगर के शिवम रावत ने बताया कि कार्यक्रम में भक्तों को श्री कृष्ण अभिषेक के साथ दिव्य प्रसाद भी वितरित किया जायेगा।

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मैंने सोहन लाल बौंठियाल पुत्र स्व0 कुलानन्द बौंठियाल निवासी ग्राम लालपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार से ग्राम लालपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार के साबिक खतौनी खाता संख्या-61 के खेत संख्या-74क मध्ये पांच विश्वा याने 0.016 है0 भूमि दिनांक 22-06-2013 को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र खरीद की थी जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय कोटद्वार गढ़वाल के बही संख्या-1, जिल्द संख्या-397, पृष्ठ संख्या-143, ए0डी0बही संख्या-1, जिल्द संख्या-474, पृष्ठ संख्या-305 से 312 में दस्तावेज संख्या-2363 पर दिनांक 22-06-2013 को पंजीकृत है। उक्त मूल दस्तावेज मुझसे गुम हो गया है तथा काफी तलाश के बावजूद भी नहीं मिल पाया है।

मंजू देवी द्विवेदी पत्नी श्री विपिन द्विवेदी निवासी ग्राम सुराईखेत, पट्टी तल्ला बदलपुर-4, तहसील लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

खबर का हुआ असर : वृद्धा कुमाली देवी की मदद को आगे आई ब्लॉक प्रमुख बीना राणा

टूटी छत को ढकने पहुंचे खंड विकास अधिकारी और प्रमुख बीना राणा के प्रतिनिधि

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : दैनिक जयन्त के 19 अगस्त 2024 (सोमवार) के अंक में जीर्ण-क्षीण भवन में रहने को मजबूर वृद्धा, सरकारी योजनाओं का नहीं मिला अब तक लाभ नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर हुआ है। ब्लॉक प्रमुख बीना राणा वृद्धा की मदद को आगे आई है। ब्लॉक प्रमुख ने वृद्धा के लिए खाद्यान सामग्री और मकान की छत ढकने के लिए तिरपाल भिजवाया है।

विकासखंड कल्जीखाल के मनियारस्यूं पट्टी के गूंड गांव की 80 वर्षीय वृद्धा कुमाली देवी टूटी फूटी छत के नीचे रहने को मजबूर थी न जाने कब वह भी दैवीय आपदा की भेंट चढ़ जाए। गत मंगलवार को क्षेत्र के विधिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने वृद्धा की वास्तु स्थिति की पड़ताल करने स्वयं राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रहरी सहित गूंड गांव पहुंचे। उन्होंने वृद्धा को दैवीय आपदा और गुलदार से बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पंचायत भवन आदि में विस्थापित करने का प्रयास किया, लेकिन वृद्धा कुमाली देवी घर से कही जाने को तैयार नहीं हुई। जीर्ण शीर्ण घर से अतीत के भावनात्मक लगाव होने के कारण वह घर छोड़ने तैयार नहीं थी। बता दें कि दैनिक जयन्त के 19 अगस्त 2024 (सोमवार) के अंक में जीर्ण-क्षीण भवन में रहने को मजबूर वृद्धा, सरकारी योजनाओं का नहीं मिला अब तक लाभ नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर हुआ है। कल्जीखाल ब्लॉक प्रमुख बीना राणा वृद्धा की मदद को आगे आई है। प्रमुख बीना राणा ने खंड विकास अधिकारी को बुजुर्ग महिला की मदद के लिए कहा। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी खद्यान्न सामग्री और छत ढकने के लिए तिरपाल लेकर पहुंचे। इस मौके पर कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, प्रमुख बीना राणा के जन संपर्क अधिकारी अशोक रावत सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद थे।

होटल की लीज में पार्टनर बनाने का झांसा देकर आठ लाख ठगे

देहरादून। होटल की लीज में पार्टनर बनाने का झांसा देकर आठ लाख रुपये ठग लिए गए। मामले में राजपुर थाना पुलिस ने आगरा निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगी को लेकर होटल माउंटेन हाइट एंड फैमिली रेस्टोरेंट सहस्त्रधारा के संचालक ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। कहा कि बीते एक जून को जगवीर सिंह निवासी बरोदा सदर आगरा से आकर उनके होटल में परिवार के साथ रुके। जाते वक्त होटल संचालक के साथ काम करने की बात कहकर चले गए। पीड़ित के होटल के पीछे नया होटल बना हुआ है। उसे लीज पर लेने के लिए झांसे में लिया। आरोप है कि लीज निवेश के नाम पर आठ लाख रुपये ठग लिए। राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

व्यापार सभा ने की समस्याओं के निराकरण की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : व्यापार सभा पौड़ी के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को कूड़ा निस्तारण, लावारिस मवेशियों के आंतक से निताते दिलाने सहित शहर की अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन से मुलाकात करते हुए व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा ने कहा कि शहर में लावारिस मवेशियों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन लावारिस मवेशियों के हमलों में लोग घायल हो रहे है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से शहर में मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग करवाने, शहर की नालियों की सफाई सुचारु रूप से करवाने, शहर मे घूम रहे लावारिस पशुओं मवेशियों को नियत स्थान पर रखकर समस्या हल करने और कूड़े की समस्या से जल्द छुटकारा दिलाने की मांग की। इस मौके पर व्यापार सभा के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष दिलबर भंडारी, मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

आस्ट्रेलिया में रह रहे पति पर दून की महिला ने कराया केस

देहरादून। विवाहित महिला ने पति और उसके परिवार के कई लोगों के खिलाफ उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि आस्ट्रेलिया में रहने वाला पति साथ लेकर भी नहीं गया। महिला सेल में काउंसलिंग के बाद नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि विनिता काला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

उनका विवाह 26 फरवरी 2024 को मुम्बई निवासी मनोज मासीवाल के साथ हुआ था। विवाह के बाद पीड़िता मुंबई गई। विनिता ने आरोप लगाया कि उनके पति और ससुरालवालों ने दहेज के रूप में 15 लाख रुपये की मांग की। विनिता ने बताया कि मुम्बई में उनके पति और ससुरालवालों ने गाली–गलौच की और आपत्तिजनक व्यवहार किया। इसके अलावा, उनके पति ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और मुम्बई में अत्यंत खराब परिस्थितियों में रखा।

शादी के बाद, पति ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें अपने साथ आस्ट्रेलिया ले जाने से मना कर दिया। 3 अप्रैल 2024 को विनिता अपने भाई की मदद से देहरादून मायके आ गई। विनिता पुलिस में शिकायत की। शिकायत के आधार पर पति मनोज मासीवाल, ससुर कैलाश, सास नन्दा, देवर सागर, ननद तृप्ति, ननद के पति मितेश के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

भारी मोटर पुल निर्माण की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

नई टिहरी : थौलधार के पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता जोत सिंह बिष्ट ने डीएम को पत्र सौंपकर टिहरी बांध की झील पर छाम से बल्डोगी तक भारी मोटर पुल निर्माण की मांग की है।

बताया कि टिहरी बांध परियोजना बनने से पहले रिम एरिया चिन्यालीसौड़ से घोंटी तक 2 मोटर पुल और 6 झूला पुल थे। टिहरी बांध का जलाशय बनने के बाद टीएचडीसी और पुनर्वास विभाग ने चिन्यालीसौड़ के पुल के बदल भारी मोटर पुल, भल्डियाना मोटर पुल के बदले स्यांसू-डोबरा सस्पेंशन पुल, सिरांई के पैदल पुल के बदले स्यांसू पुल और भल्डियाना-मोटणा रज्जू मार्ग, जबकि भिलंगना घाटी में पीपलडाली, घोंटी पुल और टिपरी-मदननेगी रोपवे का निर्माण कराया। लेकिन स्यांसू और छाम के एवज में कोई पुल नहीं बनाया। यह दोनों पुल न बनने से थौलधार ब्लॉक और उत्तरकाशी की चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के 50 से अधिक गांवों के 30 हजार की आबादी को झील के आरपार विभिन्न कार्यों के लिए तीन बार वाहन बदलकर 30 से 40 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

कहा कि टिहरी बांध के कारण प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को आज भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि प्रदेश में सीएम धामी के नेतृत्व में जन सरोकारों से जुड़ी सरकार संचालित हो रही है।

आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है खनसर घाटी का महाकौथिग : धामी

खनसर घाटी के लिए मुख्यमंत्री ने की आधा दर्जन घोषणाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चमोली जनपद के गैरसैंण विकासखंड स्थित माईथान, खनसर में आयोजित जन्माष्टमी महाकौथिग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माईथान क्षेत्र के मंगल दलों को 25-25 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रामगंगा नदी में आवश्यक बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य किए जाने, मालकोट में पुल या वैली ब्रिज बनाने, माईथान में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने, शिशु मंदिर माईथान को सीएसआर के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराने एवं विनायकधार-कस्बीनगर मोटरमार्ग के जल्द निर्माण की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माईथान माँ भगवती का पवित्र स्थान है एवं माँ भगवती की कृपा से यह क्षेत्र बेहद संपन्न और समृद्ध है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से मेला समिति कृष्ण जन्माष्टमी महाकौथिग का सफल आयोजन कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माईथान में आयोजित होने वाला यह मेला हमारी संस्कृति का प्रमुख मेला है। खनसर घाटी का यह महाकौथिग आध्यात्मिक,

सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं एवं इन मेलों के माध्यम से ही नई पीढ़ी अपनी विरासत से जुड़ती है। यह मेले लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व का मानव जीवन पर विशेष प्रभाव है। कृष्ण का प्राकट्य अन्याय और अधर्म को समाप्त करने के लिए हुआ था। भगवान के मुख से निकले वाक्य आज गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि आज प्रदेश की मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हमारी महिलाएं विश्वस्तरीय उत्पाद बना रही है। इस अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सतीश लखेड़ा, मेला समिति के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

मंत्री डॉ. अग्रवाल ने किया 7 करोड़ 6 लाख 62 हजार लागत की चार योजनाओं का लोकार्पण

चमोली : शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने नगर पंचायत गैरसैंण के अंतर्गत 07 करोड़ 06 लाख 62 हजार रुपए की धनराशि से चार योजनाओं का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।

इस दौरान नगर पंचायत गैरसैंण में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही अन्य पंचायत को गैरसैंण पंचायत से प्रेरित होकर विकास कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

शुक्रवार को गैरसैंण पंचायत क्षेत्र के रामलीला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मंत्री डॉ. अग्रवाल ने चार योजनाओं, जिनमें प्रथम 01 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से 170 सिंगल आर्म की स्ट्रीट लाइट जो सल्याडा बैंड से जीएमवीएन तक लगाई गई है, का लोकार्पण किया।

डॉ. अग्रवाल ने दूसरी योजना, जिसमें पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत 07 वार्ड में 30 वाट की 255 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई गई है, जिनकी लागत 02 करोड़

04 लाख रुपए है, का लोकार्पण किया। जबकि तीसरी योजना जो 07 वार्ड में 18 वाट के स्मार्ट सोलर लगाए गए हैं, इनकी लागत 78 लाख 62 हजार रुपए है, का लोकार्पण किया। डॉ. अग्रवाल ने चौथी योजना जो 38 लाख 40 हजार रुपए की लागत से आधुनिक स्मार्ट शौचालय बनाया गया है, जो 10 सीटर है, इसमें 03 महिला, 01 दिव्यांग, 01 स्नानागार, 05 पुरुष है, का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर विधायक अनिल नौटियाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गंगा सिंह पंवार, निवर्तमान अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जानकी रावत, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश गौड़, अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता, भाजपा कार्यकर्ता वीरेंद्र टम्टा, निवर्तमान सभासद बीना देवी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। (एजेंसी)

देहरादून में पीजी डॉक्टर काम पर लौटे

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में कोलकाता कांड के विरोध और कुछ स्थानीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए पीजी डॉक्टर शुक्रवार को काम पर लौट आए हैं। कार्य बहिष्कार से अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और ऑपरेशनों में आंशिक असर पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर उनकी सुरक्षा, कैंटीन और डॉक्टर ड्यूटी रूम, चेंजिंग रूम समेत तमाम मांगे अस्पताल प्रबंधन और पुलिस ने पूरी कर दी हैं। कुछ पर अमल की कार्रवाई गतिमान है। पीजी डॉक्टर ने स्वास्थ्य सचिव डॉ। आर राजेश कुमार, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ। आशुतोष सयाना, प्राचार्य डॉ। गीता जैन, एसएसपी अजय सिंह, एमएस डॉ। अनुराग अग्रवाल, डिप्टी एमएस डॉ। धनंजय डोभाल का आभार जाता है।

क्लेमनटाउन में मारपीट में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। क्लेमनटाउन में जानलेवा हमले में फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस विवाद में दो आरोपी पहले ही जेल भेजा चुके हैं। गिरफ्तार मुख्य आरोपी के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमले और गुंडा एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। क्लेमनटाउन थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि 15 अगस्त को अंश शर्मा की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। बताया कि केस दर्ज कराने से पहली रात उस पर सुभाषनगर में ट्रेंड्स वाली गली में वैभव रावत और उसके साथियों ने जानलेवा हमला किया। हमलावरों ने पीड़ित पक्ष की कार तोड़ दी। शुभम ने एक युवक पर मोटे पत्थर से हमला किया। इस दौरान उसे गंभीर चोट लगी। मामले में जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बीते गुरुवार को चैतन्य शर्मा और दीपक प्रकाश उर्फ विशाल गोल्डी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। हमले का सूत्रधार वैभव और उसके साथी फरार थे। एसओ धारीवाल ने बताया कि हमले के मुख्य आरोपी वैभव रावत उम्र 24 वर्ष पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी लेन नंबर चार, पोस्ट ऑफिस रोड, क्लेमनटाउन में को शुक्रवार को सहारनपुर हाईवे पर आरटीओ चेकपोस्ट के पास से गिरफ्तार किया गया।

जीआइसी सेमंडीधार में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाय

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज सेमंडीधार में आयोजित अभिभावक संघ की बैठक में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की गई। कहा कि शिक्षा विभाग ने स्कूल में तैनात कई शिक्षकों के स्थानांतरण कर दिए हैं। लेकिन उनके स्थान पर प्रतिस्थानी नहीं भेजे है। जिस कारण पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को इंटर कॉलेज सेमंडीधार में आयोजित बैठक में प्रधानाचार्य विजय श्रीवाण ने विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कहा कि स्कूल में पर्याप्त छात्रसंघ होने के बाद भी शिक्षकों का अभाव बना हुआ है। अभिभावकों ने शिक्षकों के रिक्त पद भरने की मांग की। बैठक में अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विजयपाल रावत को दूसरी बार अध्यक्ष चुना। जबकि भागवत प्रसाद भट्ट उपाध्यक्ष, जमुना बडोनी कोषाध्यक्ष, हुकम सिंह रावत, दर्शन सिंह रमोला, कथक सिंह, बोलम सिंह, सावन लाल, विजय सिंह प्रतिमा देवी, संगीता देवी,ममता देवी, पुष्पा देवी, सलीम, अलका आदि को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। (एजेंसी)

किरण अध्यक्ष तो दीपिका बनीं महामंत्री

नई टिहरी : बाल विकास सुपरवाइजर्स संगठन टिहरी के द्विवार्षिक अधिवेशन में संगठन की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें ज्वलंत समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर हल करने के लिए बातचीत करने की बात कही। इसके बाद संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए किरण राणा अध्यक्ष और दीपिका तिवारी को महामंत्री बनाया गया। शुक्रवार को संयुक्त राज्य कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डीपी सेमल्टी और बीएस राणा की अध्यक्षता में आयोजित संगठन के अधिवेशन में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताई। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव ने कहा कि सुपरवाइजरों के सहयोग से ही विभाग योजनाओं का क्रियान्वयन करता है। नई कार्यकारिणी में भागीरथी पंवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रजनी भट्ट उपाध्यक्ष, रजनी रमोला कोषाध्यक्ष, संगीता रतूड़ी संरक्षक और सोनी रावत को मीडिया प्रभारी निर्विरोध चुना गया।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों 05 एसएलआर के पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए 06.09.2024 को निर्धारित ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की गई है:

गाड़ी सं. 14314 (F-I, R-I), 22660 (F-I), 19610 (F-I), 19020 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 06.09.2024 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 2635/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 02/24–25 से निविदा सं0 07/24–25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 03.09.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 04.09.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक : 1729/विविखको/टी–6 दिनांक : 23.08.2024

अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 1551/कर अनु0/भव0ना0/2024-25 दिनांक :- 21.08.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

क्र0 सं0	सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम	भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है)	आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है)	सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार
1	2	3	4	5
1	250/246/05 लकडीपडाव	श्री मोहम्मद शाकिर पुत्र जमील अहमद	श्रीमती कहकंशा पत्नी श्री शाह	रजिस्ट्री खाता-खतौनी एवं शपथ पत्र

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।
(0384/51)

यूटीयू में मनाया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देहरादून। चन्द्रयान–3 के सफल मिशन के एक साल पूरा होने पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी यूटीयू में शुक्रवार को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। 23 अगस्त 2023 को इसरो के चन्द्रयान–3 के विक्रम रोवर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया था। इस दौरान कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि अन्तरिक्ष में उतर कर चन्द्रमा को छूना किसी के भी जीवन के अविस्मरणीय क्षण होते हैं जो समाज में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव पर बल देती है।

उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारा देश आज पूरी दुनिया में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बन चुका है। जो मानवीय ज्ञान और क्रेटिविटी की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। उत्तराखण्ड स्पेस एप्लिकेशन सेटर (यूसैक) की वैज्ञानिक एवं इंजीनियर डॉ. अरूणा रानी ने भी बतौर स्पीकर छात्रों को अंतरिक्षा क्षेत्र की जानकारियां दी। विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को चन्द्रयान–3 की उपलब्धियों को बताने और दिखाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

विश्व सदभावना के लिए निकाली कलश यात्रा

देहरादून। शिव मंदिर प्रबंध समिति धर्मपुर की ओर से शुक्रवार को विश्व सदभावना के लिए कलश और शोभा यात्रा निकाली गई। दुर्गावाहिनी की 21 स्कूटी सवार मातृशक्ति ने शोभायात्रा की अगुवाई की। मंदिर से निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने धुड़सवारों को मंदिर का ध्वज देकर, झंडा लहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। 21 स्कूटी सवार दुर्गावाहिनी की युवतियों ने झांसी की रानी बनकर यात्रा की अगुवाई की। इसके बार 31 बाइक सवार शिवभक्त धर्मध्वज लेकर चले। इनके पीछे गणेश महाराज की झांकी, रामेश्वरम का पूजन करते हुए राम–लक्ष्मण, जामवंत, हनुमान, ऋषि, वानर सेना चली।

माता द्वारा महिषासुर का संहार की झांकी ने सभी का ध्यान खींचा। गुजराती परिवेश में महिलाओं ने सुंदर डांडिया नृत्य किया। इसके अलावा राम दरबार की झांकी, हनुमान जी का राम नाम में मगन नृत्य, श्री कृष्ण–रुकमणी, सुदामा का सत्कार की झांकी थी। शिव बारात में भूत–पिशाच, ऋषि–मुनि, नारद, नंदी, ब्रहमा, विष्णु, राजा महाराजा, ढोल नगाड़े बजाते हुए नाच रहे थे। शोभायात्रा में 208 कलश धारक महिलाएं शामिल हुईं। मौके पर व्यास महाराज, श्री म द्भागवत महापुराण मंदिर के प्रधान देवेंद्र अग्रवाल, उप प्रधान आत्माराम शर्मा आदि मौजूद थे।

ग्राउंड जीरो पर जाकर काम करते हैं मुख्यमंत्री: अग्रवाल

देहरादून। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सरकार त्वरित गति से प्रभावी तरीके से काम का रही है। अब से पहले शायद ही आपदा राहत कार्य इतनी तेजी किए गए हो। उन्होंने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें पता कि था कि सरकार आपदा प्रबंधन पर सच्चाई सामने लाने जा रही है, इसलिए विपक्ष पहले ही सदन से चला गया। उन्होंने कहा कि इस वक्त मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ग्राउंड जीरो पर जाकर खुद आपदा राहत कार्यों की निगरानी करते हैं। सदन को तो युवा मुख्यमंत्री की सराहना करनी चाहिए। अग्रवाल ने उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी से कहा कि, आपदा राहत कार्यों में त्वरित निर्णय के लिए वे मुख्यमंत्री के आवास जाकर धन्यवाद कहते हैं और अब सदन में विरोध किया जा रहा है।

यह क्या है?

अग्रवाल ने इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से आपदा के समय राज्य को दी गई मदद के लिए आभार जताया और एसडीआरएफ के तहत मुआवजा राशि बढ़ाने जाने के लिए भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष पर अपनी बात कहकर बाहर निकलने का आरोप लगाया और कहा कि उनको राज्य के आपदा पीड़ितों से कोई सहानुभूति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस विषय पर सरकार द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को सुनना ही नहीं चाहते थे, इसलिए अपनी बात कहकर बाहर चले गए।

विपक्ष के आरोप हास्यापद

संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आपदा प्रबंधन को लेकर विपक्ष के आरोप हास्यास्पद बताया। कहा कि देश ही नहीं बल्कि दुनिया में उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन के माडल को सराहा जाता है। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे में केंद्र और राज्य सरकार के समेकित प्रयास एक मिसाल है। अभी हाल में 31 जुलाई को केदारघाटी में अतिवृष्टि की वजह आई आपदा में सरकार ने तत्काल फैसला लेते हुए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। 15 हजार से ज्यादा लोगों को वहां से रेस्क्य किया गया। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पूरी सरकार आपदा प्रबंधन और आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए सदा तत्पर रहती है।

रवि बडोला हत्याकांड के सूत्रधार सोनू भारद्वाज पर एक और केस

देहरादून। रवि बडोला हत्याकांड के सूत्रधार सतेंद्र भारद्वाज उर्फ सोनू के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। आरोप है कि प्लाट बेचने की डील कर एक व्यक्ति से 11 लाख रुपये लिए। इसके बाद आरोपी ने जमीन नहीं दिलाई। उल्टा पीड़ित को धमकाकर उससे तीन लाख रुपये का एक चेक भी छीन लिया। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि मयंक कुमार गुप्ता निवासी शक्ति विहार, अधोईवाला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने कहा कि आर्केस्ट्रा में ड्रम सीखने के दौरान कई साल पहले उनकी मुलाकात दवेंद्र भारद्वाज से हुई। देवेंद्र वहां लोडिंग और अनलोडिंग का काम करता था। देवेंद्र ने पीड़ित के घर के पास की जमीन पर मोबाइल टॉवर लगवाने का झांसा दिया। वह भी नहीं लग पाया। इसके बाद फिर 2018 में पीड़ित को देवेंद्र भारद्वाज मिला। इस दौरान वह फाइनेंस का काम कर रहा था। पीड़ित को मकान बनाने के लिए प्लाट की जरूरत थी। आरोपी ने अपने जानने वाले व्यक्ति का प्लाट दिलाने का झांसा देकर पीड़ित से 11 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि इसके बाद कई महीने तक प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। झांसा दिया कि उनकी रकम फाइनेंस में लगाई गई है। उस पर ब्याज देने का झांसा दिया। आरोप है कि इसके बाद कभी दस तो कभी बीस हजार ब्याज बताते हुए 90 हजार रुपये दिए गए। इसके बाद सोनू भारद्वाज से रकम देने से इंकार कर दिया। आरोपी सोनू ने फिर 22 जून 2020 को पीड़ित को तीन लाख रुपये देने के लिए अपने कार्यालय